## एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण
## वन उत्पादकता संस्थान,रांची ,दिनांक 31.10.2018

वन उत्पादकता संस्थान,रांची एवं झारखण्ड सरकार के वन विभाग के तत्वाधान में झारखण्ड राज्य के बिभिन्न प्रमंडलों के वन सुरक्षाकर्मी एवं वन अधिकारीयों को वानिकी अनुसंधान से सबंधित विषयों पर एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 31.10.2018 को संस्थान द्वारा आयोजित किया गया|

संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी के निर्देशन में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजय सिंह ने झारखण्ड सरकार के वन विभाग के अधिकारियों एवं वनसुरक्षाकर्मियों को स्वागत कर एवं परिचय कराया| संस्थान के समुह समन्वयक अनुसंधान, डा. योगेश्वर मिश्रा ने संस्थान के बारे में एवं यहाँ की अनुसंधान गतिविधियों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया|

प्रथम सत्र में संस्थान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी नें (Method of Tree Improvement- Dr. Yogeshwar Mishra, Moderen Nursery Practices -Dr. Sanjay Singh Potential and Prospects of Agroforestry – Sri Aditya Kumar, Lac Cultivation – Sri S.N.Vaidya) विषयों पर अपना-अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया| प्रतिभागियों को विस्तार प्रभाग द्वारा लाख, औषधीय, बांस, केचुआ खाद एवं वानिकी प्रजाति आदि के पुस्तकें एवं पठन सामग्री प्रदान की गयी| दूसरे सत्र में सभी प्रतिभागियों को संस्थान के रोपणी, Bamboosetum, प्रयोगात्मक पोपलर,मेलिया दुबिया, सहजन एवं बांस के प्रदर्शन प्लाट का भ्रमण कराया गया|

संस्थान के निदेशक ने वानिकी अनुसंधान से सबंधित विषय पर विस्तृत रूप से अवगत कराया | इन्होने कहा कि वानकी पर किये गये अनुसंधान /शोध का प्रतिफल तत्काल नहीं मिल पाता है इससे मिलने वाले दूरगामी निष्कर्ष से आम लोगों प्रकृति एवं पर्यावरण के लिए लाभदायक होता है| निदेशक ने वनरक्षक कर्मियों को संबोधन में कहा कि आप एवं आपके प्रभाग वानिकी शोध के अतिरिक्त अन्य विषयों पर संस्थान द्वारा विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं| वन विभाग झारखण्ड राज्य सरकार के श्री दिनेश कुमार भा.वन.सेवा अधिकारी ने संस्थान द्वारा चल रहे शोध कार्य एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को सराहना किया एवं संस्थान के निदेशक एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया| इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजय सिंह द्वारा किया गया| एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 67 प्रतिभागियों ने भाग लिया|











Welcome to the Participants and Introduction of the Institute




Lecture on different topics by the Scientists of IFP







Interaction and Address by Dr. Nitin Kulkarni, Director, IFP, Ranchi




Interaction of participants with the Director



Field visit to Bamboosetum, Mangrove and Mist Chamber site







Field visit to Medicinal garden, Poplar & *Melia dubia* plantations and Oil Distillation unit site